# उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड, देहरादून की बीसवीं (20th) बोर्ड बैठक दिनांक 27 अप्रैल, 2023 का कार्यवृत्तः–

उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड की बीसवीं (20th) बोर्ड बैठक डा० राजीव भरतरी, अध्यक्ष, उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड की अध्यक्षता में दिनांक 27.04.2023 को बोर्ड कार्यालय, देहरादून में सम्पन्न हुई। बैठक में निम्नलिखित सदस्यगण उपस्थित हुए :–

| क्र० सं० | अधिकारी का नाम | पदनाम |
|---|---|---|
| 1. | श्री मान सिंह | मुख्य वन संरक्षक, NTFP देहरादून। |
| 2. | डा० गौरव शर्मा | कार्यालयाध्यक्ष, भारतीय प्राणी सर्वेक्षण विभाग, उत्तराखण्ड |
| 3. | डा० बी०एस० अधिकारी | वैज्ञानिक–जी०, भारतीय वन्य जीव संस्थान, देहरादून। **(ऑनलाईन)** |
| 4. | डा० अरूण कुमार जुगरान | वैज्ञानिक डी०, जी०बी० पन्त राष्ट्रीय हिमालयी पर्यावरण, एवं सतत् विकास संस्थान, कोसी कटारमल, अल्मोडा। **(ऑनलाईन)** |
| 5. | डा० सी०पी० कुनियाल | वैज्ञानिक, जडी–बूटी शोध संस्थान, गोपेश्वर, चमोली। **(ऑनलाईन)** |
| 6. | श्री पी०सी० खरै | अपर सचिव, सेवानिवृत्त, विशेष आमंत्री |
| 7. | श्री सतेन्द्र बर्मन | अनु सचिव, वन एवं पर्यावरण अनुभाग, उत्तराखण्ड |
| 8. | डा० एस०के० बिन्जौला | संयुक्त निदेशक, पशुपालन विभाग, उत्तराखण्ड, देहरादून |
| 9. | डा० अनूप चन्द्रा | वैज्ञानिक–एफ०, एफ०आर०आई०, देहरादून। |
| 10. | श्री के०सी० पाठक | अपर निदेशक, कृषि विभाग, उत्तराखण्ड। |
| 11. | श्री कोमल सिंह | सहायक वन संरक्षक, उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड, देहरादून। |
| 12. | डा० जगमोहन सिंह असवाल | संयुक्त निदेशक, पशुपालन विभाग, उत्तराखण्ड। |
| 13. | श्री राजेन्द्र प्रसाद चमोली | वरिष्ठ निरीक्षक हॉटिकल्चर, उद्यान विभाग |
| 14. | श्री एस०एस० रसाईली | सदस्य–सचिव, उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड, देहरादून |

इस कार्यालय के पत्रांकः 742/उ०जै०वि०बो०–16–3 दिनांक 21.04.2023 द्वारा सभी सदस्यों/आमंत्रियों को पत्र प्रेषित कर दिया गया था। बोर्ड में एजेण्डे के अनुसार विभिन्न विषयों पर हुये विचार–विमर्श व लिये गये निर्णयों का विवरण निम्नानुसार हैः–

**<u>बोर्ड के सदस्यों व विशेष आमंत्री का स्वागत</u>** :–

सदस्य–सचिव, उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड द्वारा अध्यक्ष तथा सम्मानित सदस्यों व विशेष आमंत्री (श्री पी०सी० खरै, अपर सचिव, सेवानिवृत्त, विशेष आमंत्री) का स्वागत किया गया। अध्यक्ष, उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड तथा अन्य समस्त प्रतिभागियों का सादर स्वागत करने के उपरान्त सदस्य–सचिव, उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड द्वारा बोर्ड के क्रियाकलापों के सम्बन्ध में निम्न प्रकार अवगत कराया गया :–

**एजेण्डा 1:** **उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड की दिनांक 07.10.2022 को सम्पन्न बोर्ड की 19वीं बोर्ड बैठक के कार्यवृत्त की अनुपालन आख्या के सम्बन्ध में:–**

**1. बोर्ड के स्थाई ढांचे (Structure) के सम्बन्ध में।**

सदस्य–सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि प्रमुख सचिव, पर्यावरण संरक्षण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अध्यक्षता में दिनांक 26.04.2023 को बोर्ड कार्यालय में बोर्ड के संगठात्मक ढांचे के सम्बन्ध में आयोजित बैठक में निर्णय लिया गया कि श्री पी०सी० खरै, अपर सचिव (सेवानिवृत्त) की सहायता से बोर्ड के ढांचे का प्रस्ताव तैयार किया जाये। बोर्ड कार्यालय का ढांचा तैयार होने तक श्री पी०सी० खरै, अपर सचिव (सेवानिवृत्त) की सेवायें प्राप्त की जायेंगी तथा प्राप्त सेवा के लिये नियमानुसार मानदेय भी दिया जायेगा। जिस पर बोर्ड द्वारा सहमति प्रदान की गयी।

बोर्ड के ढांचे का प्रस्ताव तैयार करते समय प्रस्तावित पदों की संख्या वर्तमान में कार्यरत कार्मिकों तक ही सीमित रखा जाये तथा वाहन चालक, सफाई कर्मी, खलासी, अर्दली इत्यादि के लिये पदों के स्थान पर सेवा प्रदाता द्वारा सेवाओं के रूप में प्रस्तावित किया जा सकता है।

**(कार्यवाही सांख्यिकीय अधिकारी, उ०जै०वि०बो०)**

**2. बी०एम०सी० के कार्य प्रस्तावों हेतु निर्धारित Standard operating Procedure (SoP) तथा मूल्यांकन हेतु गठित समिति के सम्बन्ध में।**

बोर्ड द्वारा निर्णय लिया गया कि सदस्य–सचिव, उ०जै०वि०बो० सर्वप्रथम बायोडाईवर्सिटी Rich Area का चयन करें तथा प्रत्येक जिले के लिये प्रस्ताव तैयार कर आगामी बैठक में पूर्ण रूपरेखा के साथ प्रस्तुत करेंगे।

**(कार्यवाही सदस्य–सचिव, उ०जै०वि०बो०)**

**3. कालागढ वन प्रभाग के अन्तर्गत रथुवाढाब परिदृश्य (Rathuwadab Landscape) में जैव विविधता के आंकलन व जैव विविधता प्रबन्ध समितियों के क्षमता विकास हेतु परियोजना प्रस्ताव के सम्बन्ध में।**

अध्यक्ष महोदय द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त प्रस्ताव के सम्बन्ध में तितली ट्रस्ट द्वारा एक प्रस्ताव ***"Promoting nature-linked livelihoods and community conservation in the Rathuadhab landcape, Uttarakhand"*** बोर्ड कार्यालय को उपलब्ध कराया गया कि जिसकी लागत ₹24.50 लाख है। बोर्ड द्वारा निर्णय लिया गया कि उक्त प्रस्ताव को तितली ट्रस्ट द्वारा पूर्व में किये जा रहे अध्ययन कार्य गंगोत्री लैडस्केप की भांति ही किया जायेगा तथा प्रोजैक्ट की लागत को ₹8.00 लाख तक सीमित रखा जाये। इस प्रोजैक्ट हेतु तितली ट्रस्ट, BSI एवं ZSI से भी सहयोग प्राप्त करने हेतु विचार कर सकती है। यह क्षेत्र कार्बेट टाईगर रिजर्व के Eco development zone के भीतर स्थित है। इसके लिये अतिरिक्त वित्तीय सहायता कार्बेट टाईगर रिजर्व से प्राप्त की जा सकती है। तितली ट्रस्ट से मात्र ₹8.00 लाख का संशोधित प्रस्ताव प्राप्त कर परियोजना का कार्य प्रारम्भ किये जाने पर बोर्ड द्वारा सहमति प्रदान की गयी।

**(कार्यवाही श्री संजय सौंधी, तितली ट्रस्ट)**

**4. अनुसंधान अधिकारियों के मानदेय वृद्धि करने के सम्बन्ध में।**

अध्यक्ष महोदय द्वारा अवगत कराया गया कि बोर्ड के ढांचे में पदों का शासन द्वारा अनुमोदन के उपरान्त अनुसंधान अधिकारियों के मानदेय वृद्धि पर विचार किया जा सकता है।

**(कार्यवाही सांख्यिकीय अधिकारी, उ०जै०वि०बो०)**

एजेण्डा 2: **बोर्ड द्वारा किये गये कार्यों के सम्बन्ध में अवगत कराया गया :–**

1. दिनांक 22 मई, 2022 को अन्तर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस मालसी जू, देहरादून में आयोजित किया गया जिसमें लगभग 100 प्रतिभागियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

2. वर्तमान तक कुल 7991 जैव विविधता प्रबन्ध समितियों (BMC) का गठन किया जा चुका है।

3. वर्तमान में समस्त जैव विविधता प्रबन्ध समितियों (7991) के लिये द्वितीय आंकडों के आधार पर तैयार लोक जैव विविधता पंजिकाओं का Revision/Upgradtion/Finetuning /Ground truthing का कार्य गतिमान है। अभी तक कुल 1620 लोक जैव विविधता पंजिकाओं को update करते हुय फील्ड हेतु तैयार कर लिया गया है। जो अभी e-PBR के रूप में है और कुल 400 पी०बी०आर० प्रिन्ट रूप में उपलब्ध है। 1620 में से सिक्योर हिमालय परियोजना के अन्तर्गत 29 पी०बी०आर० में से 18 का परियोजना समन्वयक द्वारा field कार्य पूर्ण करते हुये बी०एम०सी० से सत्यापित कर ली गयी है।

4. जैव संसाधनों का वाणिज्यिक उपयोग करने वाले संस्थानों/उद्योगों/व्यापारियों के विरूद्ध वित्तीय वर्ष 2022–23 में 500 नोटिस (अनुस्मारक) निर्गत किये जा चुके हैं तथा लाभ के सहभाजन (ABS) के क्रम में विभिन्न उद्योगों से कुल 28 अनुबंध पत्र (MAT Agreement) हस्ताक्षरित किये जा चुके हैं। वित्तीय वर्ष 2022–23 में विभिन्न औद्योगिक संस्थानों से जैव संसाधनों के वाणिज्यिक उपयोग से सम्बन्धित फीस के रूप में ₹3,00,000/– की धनराशि प्राप्त हुई है। इसके अतिरिक्त वाणिज्यिक उपयोग से प्राप्त लाभ के सहभाजन (ABS) के रूप में ₹1,32,15,268/– मात्र **(कुल ₹1,35,15,268/–)** की धनराशि प्राप्त हुई है।

5. दिनांक 27.01.2023 को सदस्य–सचिव, उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड की अध्यक्षता में प्रशिक्षण केन्द्र, रामपुर मण्डी, चकराता वन प्रभाग, चकराता के अन्तर्गत जैव विविधता प्रबन्ध समितियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें लगभग 45 प्रतिभागियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

एजेण्डा 3: **बोर्ड के वित्तीय वर्ष 2022–23 के आय–व्यय का बोर्ड का अनुमोदन प्राप्त करना :–**

(i) बोर्ड कार्यालय के वित्तीय वर्ष 2021–22 लेखा की तुलन पत्र (Balance Sheet), लेखा परीक्षण (Audit) करने हेतु नामित चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट द्वारा प्रेषित वित्तीय वर्ष 2021–22 के बोर्ड के लेखा की तुलन पत्र (Balance Sheet), लेखा परीक्षण (Audit) एवं वित्तीय वर्ष 2022–23 के आय–व्यय का विवरण निम्न प्रकार है:–

| Account Name | Opening Balance (In lakhs) | Income (In lakhs) | Total Amount (In lakhs) | Expenditure (In lakhs) | Balance Amount (In lakhs) |
|---|---|---|---|---|---|
| Board Fund Account | 288.10 | 110.49 | 398.59 | 151.24 | 247.35 |
| ABS Fund | 919.38 | 136.68 | 1056.06 | 7.26 | 1048.80 |
| Secure Himalaya Fund | 51.43 | - | 51.43 | 26.24 | 25.19 |

(ii) बोर्ड के वित्तीय वर्ष 2022–23 के आय–व्यय का बोर्ड का अनुमोदन दिया गया :–

**<u>उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड के वित्तीय वर्ष 2022–23 के निम्न मदवार आय–व्यय का विवरणः–</u>**

| क्र. सं. | मद | आय का विवरण / स्रोत (लाख में) | व्यय की धनराशि (लाख में) |
|---|---|---|---|
| | | 1. वन विभाग, उत्तराखण्ड के माध्यम से प्राप्त (56 सहायक अनुदान) – ₹100.00<br>2. NBA, Chennai (Wages) – ₹ 10.39<br>3. Sale of Books – ₹ 0.10 | |
| 1 | 08–पारिश्रमिक<br>आउटसोर्स के माध्यम से प्राप्त सेवायें रिसर्च ऑफिसर, डी०टी०पी० ऑपरेटर ग्राफिक डिज़ाईनर, टैक्निकल एसोसिएट (डाटाबेस मेनेजमेंट), जी०आई०एस० एनालिस्ट, लेखा लिपिक, कम्प्यूटर ऑपरेटर, रिकॅर्ड कीपर, डाकरनर, चौकीदार, अर्दली, कार्यालय सेवक, वाहन चालक, एवं स्वीपर आदि | | 98.25 |
| 2 | 04–यात्रा व्यय | | 2.95 |
| 3 | 09–चिकित्सा प्रतिपूर्ति | | 1.05 |
| 4 | 11–अनुमन्यता संबंधी व्यय | | 0.28 |
| 5 | 20–लेखन सामग्री | | 1.81 |
| 6 | 21–कार्यालय फर्नीचर एवं उपकरण | | 0.05 |
| 7 | 22–कार्यालय व्यय | | 3.60 |
| 8 | 23–किराया उपशुल्क | | 8.40 |
| 9 | 24–विज्ञापन, बिक्री, विख्यापन एवं प्रकाशन पर व्यय | | 2.53 |
| 10 | 25–उपयोगिता बिलों का भुगतान | | 2.07 |
| 11 | 26–कम्प्यूटर हार्डवेयर व साफ्टवेयर व अनुरक्षण | | 1.11 |
| 12 | 27–व्यावसायिक तथा विशेष सेवाओं के लिए भुगतान | | 0.76 |
| 13 | 29–गाडियों के संचालन एवं ईंधन आदि की खरीद | | 18.81 |
| 14 | 10–प्रशिक्षण व्यय | | 0.52 |
| 15 | 42–अन्य विभागीय व्यय | | 0.74 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 16 | पी.बी.आर. निरूपण (56 BMCs, 33 PBRs & State Level PBR Monitoring Committee Meeting) | | 7.63 |
| 17 | बी.एम.सी. गठन | | 0.70 |
| | योग | 110.49 | 151.26 |

(iii) **वित्तीय वर्ष 2022–23 का ए०बी०एस० फण्ड का मदवार आय–व्यय का विवरण**

| क्र० सं० | मद | आय का विवरण / श्रोत (लाख में) | व्यय की गयी धनराशि (लाख में) |
|---|---|---|---|
| | | 1. ए.बी.एस. के रूप में प्राप्त धनराशि– 939.10<br>2. फीस के रूप में प्राप्त धनराशि – 63.71 | |
| 1. | 08–पारिश्रमिक आउटसोर्स के माध्यम से प्राप्त सेवा टैक्निकल रिसोर्स पर्सन (ABS) | | **5.87** |
| 2. | ए०बी०एस० 5% फीस | | 1.39 |
| | योग | 1002.81 | 7.26 |

(iv) वित्तीय वर्ष 2022–23 में ₹3.06 करोड मात्र का बजट प्रस्तावित किया गया था जिसमें से ₹1.00 करोड मात्र प्राप्त हुआ था।

(v) वित्तीय वर्ष 2023–24 में ₹4.50 करोड मात्र का बजट प्रस्तावित किया गया है।

(vi) वित्तीय वर्ष 2022–23 के लेखाओं का तुलन पत्र एवं लेखा परीक्षण मै० सुदर्शन शर्मा एण्ड कम्पनी, चार्टर्ड अकाउण्टैन्ट से कराया जाना।

बिन्दु संख्याः (i) से (vi) पर बोर्ड का अनुमोदन दिया किया गया।

**एजेण्डा 4:** **सिक्योर हिमालय परियोजना के अन्तर्गत तितली ट्रस्ट के साथ अध्ययन कार्य करने की समयावधि में विस्तार करने का अनुमोदन प्राप्त करना :–**

सिक्योर हिमालय परियोजना के अन्तर्गत तितली ट्रस्ट, 49, राजपुर रोड, एन्क्लेव, धोरण खास, पोस्ट ऑफिस गुजराडा, देहरादून एवं उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड के मध्य ***"A Rapid Biodiversity Assessment and Capacity Building of BMCs in Gangotri Landscape, Uttarkashi"*** विषयक पर दिनांक 16.04.2021 के अनुसार सम्बन्धित विषय के अध्ययन पर दिनांक 16.04.2023 तक अनुबन्ध किया गया था। तितली ट्रस्ट के पत्र संख्याः UBB/01/23 दिनांक 22.02.2023 द्वारा जुलाई, 2023 तक अनुबन्ध विस्तार हेतु अनुरोध किया गया है।

बोर्ड के सदस्यों द्वारा उक्त अध्ययन की अवधि विस्तार हेतु अनुमोदन दिया गया एवं 3rd party evaluation और Closer Event कराने हेतु भी कहा गया।

**(कार्यवाही परियोजना समन्वयक, सिक्योर हिमालय, उ०जै०वि०बो०एवं श्री संजय सौंधी तितली ट्रस्ट)**

**एजेण्डा 5:** **आउटसोर्स के माध्यम से सेवा प्राप्त करने हेतु सेवा प्रदाता के अवधि विस्तार से सम्बन्धित बिन्दु :–**

उत्तराखण्ड पूर्व सैनिक कल्याण निगम, लि० (उपनल) सेवा प्रदाता की सेवायें आगामी 01 वर्ष (जनवरी, 2023 से दिसम्बर, 2023 तक) का सेवा विस्तार करने हेतु बोर्ड द्वारा अनुमोदन दिया गया तथा अन्य सेवा प्रदाता से सेवाओं के सम्बन्ध में विचार किया जा सकता है।

**एजेण्डा 6:** **बोर्ड की वर्ष 2021–22 की वार्षिक रिपोर्ट से सम्बन्धित बिन्दु :–**

उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड द्वारा वर्ष 2021–22 की वार्षिक रिपोर्ट प्रकाशित की गयी है, जिस पर बोर्ड द्वारा अनुमोदन दिया गया।

**एजेण्डा 7:** **अन्य महत्वपूर्ण बिन्दु :–**

- प्रो० विनय शर्मा, डिपार्टमैन्ट ऑफ मैनेजमैन्ट स्टडीज आई०आई०टी० रूडकी द्वारा ***"Design and performance improvement of biomass briquetting technology, pine crusher and pine-based cook stove to generate a sustainable environment for pine needle biomass processing along with the strengthening of the value Chain"*** ₹83.26 लाख का प्रोजैक्ट बोर्ड को प्रेषित किया गया है।

  बोर्ड द्वारा निर्णय लिया गया कि उक्त प्रोजेक्ट की लागत अत्यधिक है तथा उक्त प्रोजैक्ट सम्बन्धी कार्य जी.बी. पन्त अल्मोडा संस्थान द्वारा भी किया जा रहा है। जी.बी. पन्त अल्मोडा संस्थान द्वारा पत्राचार कर उक्त प्रोजेक्ट हेतु सहयोग प्रदान किया जा सकता है।

**एजेण्डा 8:** **अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य बिन्दु :–**

- **Third Party Monitoring के सम्बन्ध में।**

  बैठक में निर्णय लिया गया कि बोर्ड कार्यालय में जितनी भी परियोजनायें संचालित हैं उनका Third Party Monitoring किया जाये जिससे कार्य का भौतिक सत्यापन हो सके। जिस पर बोर्ड द्वारा सहमति प्रदान की गयी।
- **बोर्ड के सदस्यों द्वारा दिये गये सुझाव एवं निर्देशः–**

  Pangolin project के द्वितीय चरण के अनुमोदन हेतु प्रस्ताव को आगामी बोर्ड बैठक में प्रस्तुत किया जाये।

अनुमोदित

| | |
|---|---|
| (डा० राजीव भरतरी) | (एस०एस० रसाईली) 28/4/23 |
| अध्यक्ष, | सदस्य–सचिव |
| उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड, | उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड, |
| देहरादून | देहरादून |

## अध्यक्ष, उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड, देहरादून की अध्यक्षता में दिनांक 27.04.2023 को आयोजित उत्तराखण्ड जैव विविधता बोर्ड की बीसवीं (20th) बोर्ड बैठक में प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागियों की सूचीः–

| क्र. सं. | नाम व पदनाम | मोबाईल नं०–ई–मेल | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|
| 1 | | | |
| 2 | | | |
| 3 | मान सिंह, CCF.<br>वन विभाग, उत्तराखण्ड | 8475861447<br>mansingh101@yahoo.co.in | [signature] 27/4 |
| 4 | Dr. Anup chandra<br>Scientist-F, F.R.I., | 9411727576<br>anup@icfre.org | [signature] 27/4/23 |
| 5 | K.C. Pathak<br>Addl. Director Agril. | 9412058641<br>dir.agri.uttarakhand@gmail.com<br>kcpathak1965@gmail.com | [signature] 27/4 |
| 6 | Komal Singh AC.[illegible]<br>Uttarakhand Bamboo[illegible] | 7830650048 | [signature] 27/4/2023 |
| 7 | Dr. Jagmohan Singh Aswal<br>Joint Director | 9412142970 | [signature] |
| 8 | Dr. Abu Talib | 9870955828 | [signature] |
| 9 | Deepika Chettri<br>PC Secure Himalaya | 9366851513 | [signature] |
| 10 | Riya Jain [NBA-Intern] | 9871137630 | [signature] |
| 11 | Dr. O.P. Tiwari<br>R.O. UBB | 8650286063 | [signature] |
| 12 | Dr. GAURAV SHARMA<br>Officer-in-Charge, ZSI<br>Dehradun | 8481071255<br>drgaurav.sharma@gov.in | [signature] 27/04/23 |

| क्र. सं. | नाम व पदनाम | मोबाईल नं०–ई–मेल | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|
| 13 | Rajendra Pd. Chamoli<br>Senior Horti. Supt. | 9410104288 | Hchamoli 24/4/2023 |
| 14 | P. C. Khare<br>Addl Sec. (F) Retd<br>special invitee | 8272027222 | Pk 25/4 |
| 15 | Satender Burman<br>Under Sec.<br>Govt of UK. | 9927699289 | [illegible] |
| 16 | Manoj Semaltey<br>(SO) | 8954788334 | [illegible] |
| 17 | Dilbagh (C.O.) | 7830887867 | [illegible] |
| 18 | Jyoti Negi (C.O) | 9897527294 | Jyoti |
| 19 | Anchal Kala (AC) | 8755932980 | Anf |
| 20 | Ayush Pundir | 9058206175 | Ayush |
| 21 | | | |
| 22 | | | |
| 23 | | | |
| 24 | | | |
| 25 | | | |